Regarding allocation of funds for construction of concrete wall, boulder pitching on the sides of river to mitigate the loss due to flood

डॉ. मोहम्मद जावेद (किशनगंज) : माननीय सभापति महोदया जी, हर साल नॉर्थ बिहार में खासकर सीमांचल पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में बाढ़ आती है और कटाव होता है । इस कारण हजारों-सैंकड़ों गांव और घर कट जाते हैं ।

मेरी सरकार से गुजारिश है कि इसके लिए सालाना 25 हजार करोड़ रुपये दिए जाएं ताकि नदी के दोनों किनारों पर कंक्रीट वाल बने, बोल्डर पिचिंग बने और महानंदा बेसिन को जल्द से जल्द चालू किया जा सके । इसके कारण जो लेक सिचुएशन बन जाती है, इसे भी रोकना चाहिए ।

मेची को कोसी के पानी से जोड़ा जा रहा है । अगर ऐसा हुआ, ऑलरेडी जो लेक है, वह बहुत बड़ी हो जाएगी । अगर इंटरलिंकिंग करनी है तो मेरी गुजारिश है कि नॉर्थ बिहार के पानी को साउथ बिहार में दिया जाए और इस प्रोजेक्ट को इमीडिएटली रद्द किया जाए ।